दिनांक : 15.04.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के अगले चरणों के लिए प्रचार चरम पर, प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में, राहुल गांधी ने ओड़िषा में किया प्रचार।
- चार जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रदेष में तैयारियां जारी।
- प्रदेष में अगले दो दिन जारी रहेगा आंधी और बारिष का दौर, 17 मई के बाद तापमान में होगी वृद्धि।

- आईपीएल में अब से कुछ देर बाद राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से गुवाहाटी में।

..............................

**पीएम–महाराष्ट्र प्रचार**

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के नाशिक जिले के डिंडोरी में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी  के दौरान भारत ने जिस तरह काम किया उसकी विश्व ने सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार किसानों, युवाओं और महिलाओं तथा वंचित लोगों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। क्षेत्र के प्याज किसानों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्याज का निर्यात पैंतीस प्रतिशत बढा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटाया है। श्री मोदी ने महाराष्ट के कल्याण में भी जनसभा को संबोधित किया।

**राहुल गांधी–ओडिशा**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज ओडिशा बलांगीर में एक बाइक रैली में शामिल हुए और एक चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री गांधी ने कहा कि 4 जून को आम चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद आई.एन.डी.आई. गठबंधन केंद्र में सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी सत्ता में लौटे तो भारत में कोई संविधान नहीं होगा। श्री गांधी ने मतदाताओं से वादा किया कि भारत गठबंधन सरकार का पहला निर्णय जाति आधारित जनगणना करना और देश में गरीब लोगों की एक सूची तैयार करना होगा ताकि उन्हें रोजगार और मासिक आय जैसे लाभ दिए जा सकें।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह भी ओडिशा में अस्का लोकसभा सीट के अंतर्गत सोरदा और कंधमाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बौध में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया। लोकसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता ओम बिरला आज बालासोर संसदीय क्षेत्र में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं।

**निर्वाचन आयोग –मतदान तैयारी**

निर्वाचन आयोग ने आज लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए 49 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और छठे चरण के लिए 57 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात किए जा रहे पर्यवेक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की। इस महीने की 20 तारीख को और छठे चरण का मतदान 25 मई को होगा।

**मतगणना तैयारी**

प्रदेश में 4 जून होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां जारी है। इसके लिए वरिष्ठ बैठकें कर समीक्षा कर रहे हैं। सागर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतगणना स्थल शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणना एजेंट एवं मतगणना अधिकारी–कर्मचारियों के लिए अलग–अलग मार्ग बनाएं। सभी के अलग अलग रंग के प्रवेश पत्र जारी किए जाएं। साथ ही मीडिया सेंटर पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने स्ट्रांग रुम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों एवं एलईडी स्क्रीन की जांच की। साथ ही स्ट्रांग रुम की सुरक्षा में मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिये। इसी तरह गुना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र

सिंह ने गुना और राजगढ संसदीय क्षेत्र की मतगणना का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना को सम्पूर्ण मतगणना कार्य का प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुये विभिन्न अधिकारियों / सहायक अधिकारियों के मध्य मतगणना कार्य का कार्य विभाजन करने के आदेश जारी किये गये हैं।

**सिंधिया राजमाता निधन**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया है। वे 70 साल की थीं। राजमाता माधवी राजे सिंधिया का इलाज पिछले दो महीनों से दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था। पिछले कुछ दिनों से उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। आज सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में कल सुबह 11 बजे किया जाएगा। राजमाता माधवी राजे मूलतः नेपाल की रहने वाली थीं। वे नेपाल राजघराने से संबंध रखती थीं। 1966 में माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि यह घटना हमारे लिए हृदयविदारक है।

**सीएए–नागरिकता**

नागरिकता–संशोधन अधिनियम 2024 की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने आज नई दिल्ली में 14 आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। गृह मंत्रालय के अनुसार कई अन्य आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र ई–मेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं।

ये आवेदन, 31 दिसम्बर 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से प्राप्त हुए थे।

**मौसम**

प्रदेश के कई जिलों में बारिश और आंधी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बारिश–आंधी का का अनुमान जताया है। इंदौर, बैतूल, धार, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, षिवपुरी सहित 12 जिलों के लिए तेज हवा के साथ बारिष का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 17 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जहां हल्की बारिष हो सकती है। इनमें भोपाल, रायसेन, कटनी, दमोह, बालाघाट, छिन्दवाड़ा और सिवनी जिला शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार 17–18 मई को प्रदेश के उत्तरी हिस्से ग्वालियर–चंबल संभाग में लू यानि गर्म हवाओं के साथ भीषण गर्मी पड़ सकती है।

**आईपीएल – क्रिकेट**

राजस्थान रायल्स का मुकाबला आज शाम साढे सात बजे पंजाब किंग्स के साथ गुवाहाटी में होगा। राजस्थान रॉयल्स की टीम फिलहाल 16 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है। यह टीम एक जीत हासिल करके शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। पंजाब किंग्स की टीम प्ले ऑफ में जाने की दौड़ से बाहर हो चूकी है।

**समाचार संक्षेप में :–**

- भोपाल संभाग की अपर आयुक्त ने बताया कि विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 17 मई को होगी। बैठक में राजस्व महा अभियान एवं राजस्व प्रकरणों, खाद्य पदार्थों की मिलावट पर रोकथाम, जिला पंचायतों की रैकिंग, मनरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण आदि की समीक्षा की जाएगी।
- अशोकनगर में आज सेवानिवृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु आयोजित शिविर में विभागों द्वारा 10 लंबित प्रकरण प्रस्तुत किये गये। इनमें से 05 प्रकरणों का निराकरण करते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश जारी किये गये। शेष 05 प्रकरणों में आवष्यक कार्यवाही कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।
- खंडवा जिले में सूचना के अधिकार अधिनियम– 2005 के तहत की गई 34 प्रथम अपीलो की सुनवाई 20 मई को नगर निगम आजाद भवन में की जाएगी। इसमें जनकार्य एवं उद्यान विभाग की 20,और राजस्व विभाग की 02 अपीलों पर भी सुनवाई की जायगी।